# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

## 15 मार्च, 2021

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 37**

----

### कार्रवाई पर विचार

***121 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत औराई प्रखंड की भदई पंचायत के वार्ड नम्बर - 10 में दो साल पहले हर घर नल जल योजना का काम पूरा कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि आजतक उक्त पंचायत के उक्त वार्ड में किसी भी नल से जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि पूरी पाइप लाइन जर्जर है और उसमें गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी व्यक्तियों पर क्या कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

### अतिक्रमण मुक्त करते हुए विकास कब-तक

***155 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में जलकरों (छोटे तालाब) की संख्या एक लाख से अधिक है पर सरकार के पास सिर्फ लगभग 31 हजार का रिकार्ड है;

(ख) क्या यह सही है कि अधिकांश जलकर या तो निष्क्रिय हैं या उनका अतिक्रमण कर लिया गया है या जानबूझ कर उन्हें अवरुद्ध कर दिया गया है, जिस कारण न तो इन्हें व्यवसायिक उपयोग में लाया जा पा रहा है और न ही इनकी बंदोबस्ती हो पा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यथाशीघ्र ऐसे जलकरों को चिन्हित कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराकर उपयोग में लाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक ?

----

## जल निकासी की व्यवस्था

***198 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में कई स्थानों पर कृषि योग्य भूमि पर स्थायी जलजमाव रहने एवं खेती-किसानी नहीं होने से भूस्वामियों को आर्थिक लाभ नहीं मिल पाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि अभी तक राज्य सरकार द्वारा उक्त प्रकार की भूमि को राज्य स्तर पर चिन्हित नहीं किया गया है जिसके कारण समस्या ज्यों-की-त्यों है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनरेगा योजना के तहत वैसे जलजमाव वाले क्षेत्रों से नहर का निर्माण अथवा नाला का निर्माण कराकर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## पार्किंग की व्यवस्था

***240 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य मुख्यालय में जनहित में निर्मित बड़े-बड़े फ्लाई ओवर के नीचे गाडि़यों के पार्किंग की व्यवस्था है;

(ख) क्या यह सही है कि स्टेशन रोड, बेली रोड एवं एक्जीविशन रोड स्थित फ्लाई ओवर के नीचे अधिकांश जगहों पर पार्किंग के बदले दुकानें सजी हुई हैं जिसके कारण गाडि़यों को सड़क पर ही खड़ा किया जाता है और जाम की स्थिति बनती है;

(ग) क्या यह सही है कि इस पार्किंग का सार्वजनिक हित में नहीं उपयोग कर व्यावसायिक हित में भी कहीं-कहीं किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस दिशा में किसी ठोस कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## योजना के तहत कार्य नहीं

*242 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जल-जीवन-हरियाली योजना के अनुसार बिहार के कई जिलों और प्रखंडों में अब तक कोई भी कार्य नहीं हो पाया है;

(ख) क्या यह सही है कि योजना के अनुसार राजधानी पटना जिले के कई प्रखंड पूर्णतः अछूते हैं, सिर्फ कागज पर ही इस योजना का प्रचार-प्रसार कर सरकार वाहवाही लूट रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाना चाहती है कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत राज्य में और विशेषकर पटना में क्या-क्या कार्य कराये गए हैं?

----

## दवा एवं चिकित्सक की कमी

*282 **श्री रण विजय कुमार सिंह (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर (आरा) जिला पशुपालन अस्पताल में पशु चिकित्सकों की कमी के कारण पशुओं की चिकित्सा समय पर नहीं हो पाती है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में दवा एवं चिकित्सा कर्मियों की कमी के कारण समय पर पशुओं का इलाज नहीं हो पाता है जिस कारण पशुपालकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में दवा एवं चिकित्सकों की कमी को पूरा करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## योजना लागू नहीं

*283 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी गांवों में 2 अक्टूबर 2019 से ही ठोस अवशिष्ट प्रबंधन योजना लागू करनी थी ;

(ख) क्या यह सही है कि इस योजना के तहत गांव में घर-घर से कचरे का उठाव, नियमित रूप से नाली की सफाई, चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव होना है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इस योजना का अब तक लागू नहीं होने का क्या औचित्य है और सरकार कब तक इसको लागू करेगी ?

----

## अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई

*284 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के लौरिया प्रखंड के सतवरिया गांव में बेतिया-नरकटियागंज मुख्य सड़क से पं. राजकुमार शुक्ल के पैतृक घर एवं इससे आगे जाने वाली सड़क का पी.सी.सी. कार्य कराए जाने का प्राक्कलन स्वीकार किया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि मूल योजना में छेड़छाड़ कर पं. शुक्ल के घर तक जानेवाली सड़क का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के नहीं बनाए जाने से देश-विदेश के पर्यटकों को पं. शुक्ल के घर तक पहुंचने में परेशानी होती है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पी.सी.सी. सड़क निर्माण योजना को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## कृषि यंत्र खरीदने का आदेश

***285 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में खेती को आसान बनाने के लिए सरकार कृषि यंत्रों के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है और इसके लिए अनुदान भी दिया जाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस साल कृषि यंत्रीकरण योजना के लिए 25 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि किसानों से कृषि यंत्र के लिए आवेदन लिये जा रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी किसान को कृषि यंत्र खरीदने के लिए जिला कृषि कार्यालय की ओर से स्वीकृति नहीं मिल रही है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के किसानों को कब तक कृषि यंत्र खरीदने के लिए आदेश देना चाहती है ?

----

## कार्रवाई कबतक

***286 श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई बेस्की टांड़ घाघड़ा घुटियारी पथ निर्माण सड़क कार्य काफी घटिया रूप से कराया जा रहा है, इस तरह के घटिया कार्य किए जाने से ग्रामीण लोगों में काफी आक्रोश है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ की गुणवत्ता की जांच कराकर सही ढंग से कार्य कराया जाना सुनिश्चित करेंगे ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की जांच कराकर दोषी संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सामुदायिक भवन का निर्माण

***287 श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत हरनौत प्रखंड के ग्राम पंचायत पांकड़ के ग्राम भोजपुर में श्री सुगम्बर सिंह यादव के निकट गैर-मजरूआ जमीन पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराना ग्रामवासियों के हित में आवश्यक है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो खंड 'क' में वर्णित ग्राम भोजपुर में गैर-मजरूआ जमीन पर सामुदायिक भवन का निर्माण सरकार द्वारा कबतक करा दिया जाएगा ?

----

## कार्यलय भवन का निर्माण

***288 श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड कार्यालय का कार्य अभी तक सामुदायिक भवन में ही संचालित किया जा रहा है, जो काफी पुराना एवं जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों के भवनों का पुनर्निर्माण कराकर उसे आधुनिक एवं मॉडल कार्यालय बनाया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि राघोपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय के जर्जर होने के कारण जहां-तहां से प्लास्टर टूट कर गिर रहा है, जिसके कारण प्रखंड कार्यालय आने-जाने वाले एवं कर्मियों के साथ कोई हादसा हो सकता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राघोपुर प्रखंड कार्यालय के भवन को राज्य के अन्य मॉडल प्रखंड कार्यालय भवनों की तरह बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*289 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले के फुलवरिया प्रखंड अंतर्गत पकड़ी मोड़ से निकलकर रामपुर गांव होते हुए बाथुआ बाजार तक जाने वाली सड़क बदहाल है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ पर बरसात के समय आवागमन ठप हो जाता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण करायेगी, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मती

*290 **श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्राम बसही-एकमा सहाजीपुर रोड से कोल्हवा रोड तक तथा टेढ़ीघाट नहर से सुहई तक सड़क काफी जर्जर हो गयी है, जिस पर आए दिन सड़क दुर्घटना घट रही है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2016 से 2021 के बीच में उक्त सड़क की मरम्मती नहीं की जा सकी है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## साइड वॉल का निर्माण

*291 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखंड अन्तर्गत ग्राम हजरतपुर के पूरब से गुजरने वाले गुहिया आहर की बहुत लम्बे समय से सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य नहीं किए जाने के फलस्वरूप बहुत बड़ी एराजी में कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भूमि संरक्षण की राशि से उक्त आहर के जीर्णोद्धार एवं इसमें साइड वॉल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ऑनलाइन सदस्य

***292 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पैक्स में सदस्यता अभियान ऑनलाइन चलाया जाता है, इसके माध्यम से किसान सदस्य बनकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि प्रखंण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों में पैक्स के तर्ज पर सदस्यता अभियान ऑनलाइन सरकार द्वारा नहीं चलाया जाता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पैक्स के तर्ज पर प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों में अधिक से अधिक परम्परागत मछुआरों को ऑनलाइन बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## सुगम आवाजाही

***293 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिला के विक्रमशिला सेतु पर निरंतर जाम लगे रहने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिसके कारण सरकार द्वारा जाम से छुटकारा दिलाने की प्रतिबद्धता एवं गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त समस्या से स्थायी निजात दिलाना चाहती है ताकि पुल पर सुगम आवाजाही संभव हो सके , यदि हां तो कैसे ?

----

## आर.सी.सी. पुल का निर्माण

***294 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार के प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क मैनानगर एन.एच.- 81 नाथनगर स्थित प्राणपुर थाना होते हुए जाने वाली सड़क में ग्राम बिसारे के बीच रटनीधार में जन साधारण की सुविधा हेतु उच्च स्तरीय आर.सी.सी. पुल का निर्माण कराना आवश्यक है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त धार पर पुल का निर्माण होने से जनसाधारण को आवागमन की काफी सुविधा होगी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार में पुल का निर्माण कराने का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मानदेय का पुनरीक्षण

*295 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मनरेगा अन्तर्गत पंचायत तकनीकी सहायक की कमी को दूर करने के लिए BFT की नियुक्ति की गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि इन नियुक्त BFT को मात्र 6000 प्रतिमाह की दर से मानदेय का भुगतान किया जाता है, जो न्यूनतम मजदूरी से कम है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार BFT के मानदेय का पुनरीक्षण श्रम कानून के आलोक में करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पथ का निर्माण

*296 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत नरहट प्रखंड के (1) मीनापुर-हाजीढाब पथ के गौसपुर चौक से ग्राम शेखपुरा के टोला बावन कोठरी, मीरबाग होते हुए शेखपुरा रजवारी ग्रामीण सड़क तथा (2) ग्राम बेरौंटा के गौसपुर प्राथमिक विद्यालय के पास से तेली टोला, नौवा टोली, कसाब टोली और दर्जी टोला होते हुए बेरौंटा देवी स्थान

ग्रामीण पथ की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है ;

(ख) क्या यह सही है कि हसुआ विधान सभा क्षेत्र की स्थानीय विधायक ने प्रश्नगत पथों के निर्माण की अनुशंसा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, रजौली(नवादा) से की है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नगत पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## शमशान घाट की घेराबंदी

***297 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के धनरूआ प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत राज पभेड़ा में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत दो मॉडल शमशान घाट की घेराबंदी हेतु जिलाधिकारी, पटना को जांच आदेश दिया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि जिलाधिकारी, पटना के पत्रांक- 15720 दिनांक- 03.05.2017 के द्वारा अपर समाहर्ता, राजस्व शाखा, पटना को जांच आदेश दिया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थान पर दो मॉडल शमशान घाटों की घेराबंदी कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की ढलाई

***298 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के पुनपुन प्रखंड की बेहरावां पंचायत अन्तर्गत ग्राम-मंझौली में श्री नागेन्द्र भगत के घर से पईन तक की आधी सड़क कच्ची रहने के कारण ग्रामवासियों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) यदि खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शेष बची सड़क की ढलाई शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण

***299 श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत शाम्हो प्रखंड मुख्यालय का अपना भवन नहीं है ;

(ख) क्या यह सही है कि शाम्हो को प्रखंड बने लगभग 20 वर्ष हो चुके हैं परन्तु अभी तक प्रखंड मुख्यालय का अपना भवन नहीं है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त प्रखंड कार्यालय को भवन बनाने हेतु सरलाही निवासी अशोक सिंह ने एक बीघा एवं नंद किशोर सिंह ने 15 कट्ठा अपनी जमीन दान में दी है जो महामहिम राज्यपाल के नाम से रजिस्टर्ड है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड कार्यालय का अपना भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

***300 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के डुमरिया प्रखण्ड की नारायणपुर पंचायत, ग्राम-बाघपुर में बाघपुर से पननवां तांड़ तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(ख) यदि खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पुल का निर्माण

***301 श्री राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के रामनगर प्रखंडान्तर्गत पंचायत परसौनी के ग्राम परसौनी एवं पंचायत मनचंगवा के ग्राम बरकटवा के बीच ढोंगही नदी के पुल नहीं होने के कारण दर्जनों गांवों की आम जनता को बरसात के दिनों में आने-जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(ख) क्या यह सही है कि ढोंगही नदी में पुल का निर्माण होने से परसौनी, बनकटवा महुअवा, परसा, हस्ती वैरिया, सोनबरसा इत्यादि ग्रामों की आम जनता को आवागमन में काफी सुविधा होगी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में ढोंगही नदी पर आर.सी.सी. पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***302 श्रीमती मनोरमा देवी (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के सिनारामपुर से सोमरनबिघा होते हुए चकरा घाट तक करीब 10 किमी. पथ जर्जर है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराएगी, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

***303 श्री टुनजी पाण्डेय (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिला अंतर्गत दरौली थाना में चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है ;

(ख) क्या यह सही है कि चहारदीवारी नहीं रहने से थाना परिसर में रखा हुआ समान असुरक्षित है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरौली थाना में चहारदीवारी का निर्माण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बहाली में प्राथमिकता

***304 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण)ः**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के कई महाविद्यालयों में इन्डस्ट्रीयल फिश एण्ड फिशरीज कोर्स की पढ़ाई होती है ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित कोर्स को प्राथमिकता नहीं दी जाती है ;

(ग) क्या यह सही है कि अन्य राज्यों के आवेदकों की बहाली हो जाती है परंतु बिहार के बच्चों की नहीं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित कोर्स में बिहार के आवेदकों को प्राथमिकता देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***305 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक)ः**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क शाहजहांपुर (पटना) से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क अखत्यारपुर (नालंदा) के बीच की दूरी लगभग 200 मी. है ;

(ख) क्या यह सही है कि दोनों सड़क के बीच संपर्क पथ निर्माण के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है;

(ग) क्या यह सही है कि यह सड़क अभी कच्ची एवं इस पर पुलिया बना हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या दोनों प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के बीच सरकार द्वारा पक्की सड़क बनाने की योजना है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क और नाला निर्माण

*306 **श्री देवेश चन्द्र ठाकुर (स्नातक तिरहुत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखंड के रसलपुर पुरुषोत्तिम ग्राम पंचायत रसलपुर ग्राम में श्री राजेन्द्र पासवान उर्फ कुलकुल भगत के घर से परीक्षण बैठा के घर होते हुए रसलपुर हाट तक की सड़क पूर्णतः जर्जर अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है उक्त वर्णित सड़क में गड्ढा होने के कारण आम जनता को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड 'क' में वर्णित ग्राम में सड़क और नाला (सहित) का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## अस्पताल में लिफ्ट

*307 **श्री राजेश कुमार उर्फ बबलु गुप्ता (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

**भवन निर्माण :-**

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरोजा सीतारमन सदर अस्पताल, शिवहर के भवन में लिफ्ट के अधिष्ठापन का कार्य विभाग द्वारा वर्ष 2016 से ही किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि लिफ्ट लगाने हेतु अभी तक छह बार टेंडर निकाला गया लेकिन लिफ्ट का अधिष्ठापन नहीं हो पाया है जबकि सभी आवंटित हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल में लिफ्ट लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आवास आवंटन

*308 **श्री तनवीर अख्तर (विधान सभा):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मीना देवी, पति- मधेश्वर प्रसाद, ग्राम पंचायत-केशोपुर के ग्राम सुल्तानगंज, पो+थाना-तेलहाड़ा, अंचल एकंगरसराय, जिला-नालंदा की स्थायी निवासी हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि श्रीमती मीना देवी एक गरीब महिला हैं तथा आवास की सुविधा से बंचित हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई बार आवेदन दिये जाने के बावजूद भी आजतक आवास की सुविधा से बंचित हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गरीब महिला मीना देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटन स्वीकृत करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## कार्रवाई की इच्छा

*309 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि किशनगंज जिला के अंतर्गत कूचाधामन प्रखंड की खट्टामीठा पंचायत में लोहिया स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 2800 शौचालय का निर्माण कराया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि पंचायत की मुखिया और उसके पति अपने ही ईंट-भट्ठा के तीन नम्बर ईंट, निम्नस्तरीय बालू कम मात्रा में सीमेंट का प्रयोग किया गया है ;

(ग) क्या यह सही है कि पंचायत की मुखिया और उसके पति अपने भट्ठे में तीन सी.एस.पी. लगाकर लाभार्थियों के पैसे का गलत ढंग से ट्रांजैक्शन कर लिया है ;

(घ) क्या यह सही है कि अधिकतर शौचालय पर पक्की छत नहीं डाली गयी है, जिस कारण प्रथम वर्षा में ही अधिकतर शौचालय ध्वस्त हो गए हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शौचालय के निर्माण में हुई गड़बडी पर कबतक कार्रवाई का इदारा रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नाले का निर्माण

*310 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि आशियाना मोड़ से बी.एम.पी. रोड में नाले का निर्माण कार्य

बहुत धीमी गति से कार्यरत है और अभी कार्य बंद है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नाले का दिसंबर 2019 में निर्माण कार्य पूरा करना था ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त नाले का 50 प्रतिशत भी निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आधे-अधूरे नाले का निर्माण आरंभ कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मती

*311 **मो. फारूक (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर से शिवहर मुख्यमार्ग से किशनपुर, वारसपुर, मुंशीचौक होते हुए डुभा हिरौता फत्तहपुर मठ चौक तक की सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय होने के कारण वाहनों के आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार किशनपुर से मुंशी चौक डुभा हिरौता, फत्तहपुर मठ चौक तक की सड़क की मरम्मती एवं कालीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*312 **श्री संजय प्रकाश (विधान सभा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत पिलिच पंचायत के पिलिच गांव में माननीय मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा शिलान्यास, पंचायत सरकार भवन का निर्माण प्रारंभ किया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि पंचायत सरकार भवन का कार्य प्रारंभ किया गया और उसका चाहरदीवारी एवं अन्य कार्य भी किया गया लेकिन बाद में कार्य को बंद कर दिया गया ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में अर्धनिर्मित पंचायत सरकार भवन बनाने के लिए कार्य प्रारंभ करते हुए पूरा करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## राशि का गबन

*313 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार का ध्यान समाचार पत्र दैनिक जागरण में दिनांक- 13 फरवरी 2021 को प्रकाशित शीर्षक " हर घर नल जल योजना में लगाए गए बंद कंपनी के स्टेबलाइजर" की ओर गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री हर घर नल जल योजना में राज्य के 38 जिलों में मोटर के लिए जिस कंपनी के स्टेबलाइजर का इस्तेमाल किया गया है वह कम्पनी वर्षों पहले बंद हो चुका है ;

(ग) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री हर घर नल जल योजना में डुप्लीकेट स्टेबलाइजर लगाकर करोड़ों रुपये की राशि की गबन कर ली गई है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डुप्लीकेट स्टेबलाइजर लगाकर राशि गबन करने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कर्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----